
# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE - HINDI

# CURRENT AFFAIR BOOSTER

06 – 05 – 2023

SATURDAY



## 1. भारत ने गोवा में एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की




गोवा में SCO देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक हो रही है. भारत विदेश मंत्री स्तर की दो दिवसीय बैठक की मेजबानी कर रहा हैजब यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और पश्चिमी देशों में तानातनी है जिसमें चीन के विदेश मंत्री छिन कांग, शासन में यह देश आतंकवाद का पोषण स्थल बन सकता है. इसके साथ ही तेजी से उभरती सुरक्षा स्थिति पर भी चर्चा हो सकती है. एससीओ सम्मेलन से इतर जयशंकर और बिलावल के बीच कोई द्विपक्षीय बैठक होती है कि जयशंकर चीन, रूस और समूह के कुछ अन्य सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगेएससीओ की स्थापना 2001 में शंघाई में हुई थी. एससीओ में चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं. भारत इस वर्ष के लिए समूह की अध्यक्षता कर रहा है. भारत और पाकिस्तान 2017 में चीन में स्थित एससीओ के स्थायी सदस्य बने थे

## 2. मणिपुर में फिर प्रारंभ हुआ कुकी-मेइती संघर्ष



पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर एक बार फिर से हिंसा की आग में झुलस रहा है. मणिपुर की सरकार ने बेहद विषम परिस्थिति में हिंसा करने वालों को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया है. बीते दो दिनों में भीड़ ने प्रदेश के गांवों पर हमला किया, घरों में आग लगा दी, दुकानों में तोड़फोड़ की. माता-पिता इतने डरे हुए थे कि उन्होंने बच्चों को नींद की दवाइयां दे दीं ताकि वे रोएं नहीं पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को तत्काल प्रभाव से पांच दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है. राज्य के कई जिलों में कर्फ्यू भी लगा दिया गया है. सोशल मीडिया पर इस व्यापक हिंसा को लेकर कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए गए कि वह 10 साल पुरानी सिफारिश को लागू करे जिसमें गैर-जनजाति मैतेई समुदाय को जनजाति में शामिल करने की बात कही गई थी.

## 3. उत्तर प्रदेश सरकार डिज़्नीलैंड के आधार पर अयोध्या में बनाएगी 'रामालैंड'



अयोध्या एक वैश्विक पर्यटन हॉटस्पॉट के रूप में, उत्तर प्रदेश सरकार भगवान राम की कहानी सुनाने के लिए डिज़्नीलैंड पर आधारित एक थीम पार्क 'रामालैंड' विकसित करने की योजना बना रही है। पर्यटन विभाग बच्चों और वयस्कों को समान रूप से आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है ताकि 'मनोरंजन के साथ सीखने' के टेम्पलेट में रामायण की पौराणिक कहानियों को प्रदर्शित किया जा सके। आयोध्या के चित्रकूट जिले को 'आयोध्या विजन 2047' थीम के तहत सुंदर बनाने के लिए करीब 260 परियोजनाओं में लगभग 30,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की अनुमानित राशि है। इन निधियों को पर्यटन, विमानन, बुनियादी ढांचे, आवास, चिकित्सा, जीवन शक्ति, परंपरा, शहर सुधार, परिवहन आदि से संबंधित लगभग 260 पहलों में निवेश करने का लक्ष्य रखा गया है। इन परियोजनाओं में स्मार्ट सिटी मिशन, सड़कों को विस्तृत करना, आधुनिक बस टर्मिनल, ओवरहेड बिजली

आपूर्ति की जमावड़ी, घाटों की सुंदरता, संस्कृतिक केंद्र आदि शामिल हैं।

### 4. उत्तराखंड कैबिनेट ने मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन व वैश्विक रोजगार योजना को दी मंजूरी



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार ने को 'मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन और वैश्विक रोजगार योजना' को मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य राज्य के युवाओं को तैयार करना और उन्हें विदेशों में नौकरी पाने के लिए तैयार करना है कि अपुनि सरकार पोर्टल पर विदेशों में रोजगार चाहने वाले युवाओं का डाटाबेस तैयार करने के लिए एक एप्लिकेशन विकसित किया गया है। विदेशी रोजगार के क्षेत्र में कार्यरत संगठनों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं और अब तक कई संगठनों के प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हो चुके हैं. कि इन संस्थानों से चर्चा के बाद प्रथम चरण में राज्य के युवाओं को विदेशों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों से नर्सिंग और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में जोड़ने का काम किया जायेगा विदेशी रोजगार के लिए युवाओं को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण देने के साथ-साथ संबंधित देश की भाषा, संस्कृति और कार्य नियम आदि का प्रशिक्षण देना आवश्यक है।

### 5. 'विजाग टेक पार्क' होगा अडानी समूह का देश में पहला एकीकृत डेटा केंद्र



अडानी समूह आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में भारत का पहला इंटीग्रेटेड डेटा सेंटर और टेक्नोलॉजी बिजनेस पार्क बनाने जा रहा है. इसे स्थानीय टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए बनाया जा रहा है जिससे राज्य के साथ देश को भी फायदा होगा इस शिलान्यास कार्यक्रम में अडानी समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश अडानी के साथ अडानी पोर्ट एंड एसईजेड के सीईओ व होलटाइम डायरेक्टर करण अडानी भी मौजूद थे. इस प्रोजेक्ट के जरिए ना सिर्फ लोकल जनता के लिए जॉब के मौके बनेंगे बल्कि ये एशिया-पैसिफिक आईटी इकोसिस्टम से विशाखापट्टनम को जोड़ेगा. ये पार्क ना केवल एक डेटा सेंटर होगा बल्कि ये टेक्नोलॉजी और बिजनेस पार्क के साथ साथ स्किल डेवलपमेंट सेंटर के रूप में भी काम करेगा. APAC (एशिया-पैसिफिक) से वाइजेग को जोड़ने वाला ये पहला केंद्र होगा.

### 6. महाराष्ट्र में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनरी काम्प्लेक्स



दुनिया की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनरी महाराष्ट्र के रत्नागिरी में होगी। सरकारी तेल विपणन कंपनियों द्वारा विकसित की जा रही देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी परियोजना रत्नागिरी रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स (आरआरपीसीएल) में सउदी

अरैमको की भी 50 फीसदी की हिस्सेदारी होगी।कि आरआरपीसीएल में अब भारतीय कंपनियों के कंसोर्टियम और सउदी अरैमको, दोनों की पचास-पचास फीसदी की हिस्सेदारी होगी। करीब तीन लाख करोड़ रुपये के निवेश से तैयार हो रही इस परियोजना को जब कार्यरूप दिया जा रहा था तब इसमें इंडियन ऑयल की 50 फीसदी की जबकि बीपीसीएल और एचपीसीएल की 25-25 फीसदी की हिस्सेदारी थी। इस परियोजना के तैयार हो जाने पर हर रोज 12 लाख बैरल कच्चे तेल का शोधन हो पाएगा। रियोजना के शुरू हो जाने पर यह एक ही स्थान पर चलने वाला दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनरी कंप्लेक्स बन जाएगा।

### 7. ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट स्प्रिंटर टोरी बॉवी का 32 साल की उम्र में हुआ निधन



पूर्व ओलंपिक मेडलिस्ट और वर्ल्ड चैंपियन टोरी बोवी का को निधन हो गया है। यूएसए की एथलेटिक्स फेडरेशन और टोरी की मैनेजमेंट कंपनी ने इस बात की पुष्टि की है. टोरी की मौत पर कई स्टार खिलाड़ियों ने भी शोक जताया | टोरी ने साल 2016 के ओलंपिक खेलों में 100 मीटर में सिल्वर मेडल जीता था। इन्हीं खेलो में उन्होंने 200 मीटर में ब्रॉन्ज और 4×100 रिले में गोल्ड मेडल जीता। वहीं साल 2017 में वह 100 मीटर में वर्ल्ड चैंपियन भी बनी।

तीन बार की ओलंपिक मेडलिस्ट और दो बार की वर्ल्ड चैंपियन टोरी बेहतरीन खिलाड़ी थीं। इस खेल पर उनका प्रभाव बहुत अच्छा रहा, हम उन्हें बहुत याद करेंगे। टोरी बोवी साल 2014 से पहले लॉन्ग जंप करती थीं, इसके बाद 100 मीटर के इवेंट में आ गईं। साल 2016 के ओलंपिक में 100 मीटर के इवेंट में जमैका का क्लीन स्वीप हुआ था। तब बोवी 10.83 सेकंड का समय निकालते हुए दूसरे स्थान पर रहीं।

### 8. आरबीआई ने जारी की 'मुद्रा और वित्त 2022-23' रिपोर्ट




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें सतत विकास और कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जिसमें इसके व्यापक आर्थिक प्रभाव, वित्तीय स्थिरता निहितार्थ और जलवायु जोखिमों को कम करने के लिए रणनीतियां शामिल हैं। भारत को हरित वित्तपोषण के लिए 2030 तक सालाना सकल घरेलू उत्पाद के न्यूनतम 2.5% की आवश्यकता है। भारत ने अपने जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और 2023 के लिए जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में जी -20 देशों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। जिसके लिए सकल घरेलू उत्पाद की ऊर्जा तीव्रता में सालाना लगभग 5% की कमी और 2070-71 तक नवीकरणीय ऊर्जा के पक्ष में ऊर्जा मिश्रण में 80% सुधार की आवश्यकता होगी।एक संतुलित नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे भारत 2030 तक अपने हरित संक्रमण लक्ष्यों को प्राप्त कर सके और अंततः 2070 तक शुद्ध-शून्य लक्ष्य प्राप्त कर सके।

## QUIZ

**1. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 'विजाग टेक पार्क' की आधारशिला रखी, इसे किस ग्रुप द्वारा स्थापित किया जा रहा है?**

**(a) भारती मित्तल ग्रुप**

**(b) रिलायंस ग्रुप**

**(c) टाटा ग्रुप**

**(d) अडानी ग्रुप**

**EXPLANATION-:आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने विजाग टेक**

पार्क की आधारशिला रखी. इस कार्यक्रम में अदानी समूह के एमडी राजेश अदानी और सीईओ करण अदानी ने भाग लिया. अडानी समूह 21,844 करोड़ रुपये के टेक पार्क में दो डेटा सेंटर स्थापित कर रहा है जिसमें से एक 200 मेगावाट का और दूसरा 100 मेगावाट का है. यह अपनी तरह की देश की सबसे बड़ी सुविधा होगी जो ग्रीन एनर्जी पर आधारित होगी.

**2. भारतीय वायुसेना के नये उप-प्रमुख के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

(a) एयर मार्शल सुरेन्द्र सिन्हा
(b) एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित
(c) एयर मार्शल अजय चौधरी
(d) एयर मार्शल महेश कपूर

EXPLANATION -: एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को भारतीय वायुसेना का नया उप-प्रमुख नियुक्त किया गया है. वह वायुसेना के आधुनिकीकरण के प्रभारी होंगे. इससे पहले आशुतोष दीक्षित गांधीनगर (गुजरात) में दक्षिण-पश्चिमी एयर कमान में वरिष्ठ वायुसेना अधिकारी के रूप में कार्यरत थे. वह वायुसेना में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भर भारत अभियान का भी हिस्सा थे. वह, वर्ष 1986 में भारतीय वायु सेना में शामिल हुए थे.

**3. हाल ही में किस कंपनी को भारत में टेलीकॉम लाइसेंस मिला है?**

(a) ज़ूम
(b) मेटा
(c) टेस्ला
(d) रेलटेल

EXPLANATION-:वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लैटफॉर्म 'ज़ूम' की पैरेंट कंपनी ज़ूम वीडियो कम्युनिकेशंस को भारतीय दूरसंचार विभाग की तरफ से देशव्यापी टेलीकॉम लाइसेंस मिल गया है. इसके तहत कंपनी अब देश में एंटरप्राइज कस्टमर्स को टेलीफोन सेवा प्रदान करेगी साथ ही कंपनी एंटरप्राइज कस्टमर्स को अपनी क्लाउड आधारित प्राइवेट ब्रांच एक्सचेंज सेवा (ज़ूम फोन) सेवा भी प्रदान करेगी. ज़ूम (Zoom), वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बेस्ड एक अमेरिकी कंपनी है.

**4. भारतीय रिजर्व बैंक ने किसके साथ मिलकर ग्लोबल टेक कॉम्पटीशन 'जी20 टेकस्प्रिंट' की शुरुआत की है?**

(a) वर्ल्ड बैंक
(b) स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया
(c) वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम
(d) बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स

EXPLANATION-: भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (BIS) ने एक ग्लोबल टेक कॉम्पटीशन 'जी20 टेकस्प्रिंट' (G20 TechSprint) लॉन्च किया है. RBI और BIS इनोवेशन हब ने संयुक्त रूप से G20 TechSprint के चौथे संस्करण की शुरुआत भी की है. आरबीआई ने कहा कि 2023 टेकस्प्रिंट क्रॉस बॉर्डर पेमेंट के लिए नई टेक्नोलॉजी विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा. यह ग्लोबल टेक कॉम्पटीशन 4 जून तक दुनिया भर के डेवलपर्स के लिए खुला रहेगा.

**5. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के विदेश मंत्रियों की बैठक कहां आयोजित की गयी?**

(a) गुजरात
(b) महाराष्ट्र
(c) गोवा
(d) दिल्ली

EXPLANATION-: शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के आठ सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक चार और पांच मई को गोवा में आयोजित की गयी. SCO की शीर्ष बैठक जुलाई में नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी. पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी इस बैठक में भाग लिया. बिलावल भुट्टो लगभग 12 वर्षों में भारत का दौरा करने वाले पहले पाकिस्तानी विदेश मंत्री है. वर्ष 2023 में भारत, शंघाई सहयोग संगठन की अध्यक्षता कर रहा है. SCO एक यूरेशियन राजनीतिक, आर्थिक, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा संगठन है. इसकी स्थापना 2001 में की गयी थी. भारत 2017 में इसका सदस्य बना था.

**6. बंगाल की खाड़ी में उठने वाले चक्रवाती तूफान 'साइक्लोन मोचा' को किस देश द्वारा नाम दिया गया है?**

(a) यमन
(b) श्रीलंका
(c) इण्डोनेशिया
(d) बांग्लादेश

EXPLANATION-: भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने बंगाल की खाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में एक चक्रवाती तूफान 'साइक्लोन मोचा' (Cyclone Mocha) की भविष्यवाणी की है जिसके 7 मई से 9 मई के बीच पूर्वी तट से टकराने की उम्मीद है. चक्रवाती तूफान को मोचा नाम दिया गया है जो यमन द्वारा दिया गया है. यह नाम लाल सागर तट पर स्थित येमेनी शहर मोचा (या मोखा) के नाम से प्रेरित है

**7. मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट के एकीकरण के बाद एनटीपीसी ग्रुप की स्थापित क्षमता कितनी है?**

(a) 60,000 मेगावाट
(b) 65,000 मेगावाट
(c) 70,304 मेगावाट
(d) 72,304 मेगावाट

EXPLANATION-: समूह ने हाल ही में बांग्लादेश के रामपाल, मोंगला, बागेरहाट में स्थित 1320 मेगावाट (2x660) क्षमता के मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट (एमएसटीपीपी) की 660 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट-1 को जोड़ा है। नए विस्तार से राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम की स्थापित क्षमता 72304 मेगावाट तक पहुंच गई है।

**8. सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडिया इकोनॉमी के अनुसार, भारत की बेरोजगारी दर मार्च में 7.8% से बढ़कर अप्रैल 2023 में हो गई।**

(a) 62%
(b) 8.11%
(c) 95%
(d) 72%

EXPLANATION-: सेंटर फोर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के ताजा आंकड़ों (CMIE Data) के अनुसार, अप्रैल महीने में भारत की बेरोजगारी दर बढ़कर 8.11 फीसदी पर पहुंच गई, जो एक महीने पहले यानी मार्च 2023 में 7.8 फीसदी थी. सीएमआईई ने बताया कि अप्रैल महीने के दौरान बेरोजगारी बढ़ने का

मुख्य कारण लेबर पार्टिसिपेशन रेट में तेज वृद्धि है

**ONE LINER**

हाल ही में देवेंद्र फडणवीस ने देश में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया है। - 'मॉरीशस

हाल ही में किस राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक कार्यों का एक नया निदेशालय बनाया है – नागालैंड

हाल ही में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ कहां के दो दिवसीय दौरे पर गए है – लंदन

'राष्ट्रीय विनिर्माण नवाचार सर्वेक्षण' के लिए किस राज्य को अभिनव राज्य का सम्मान दिया गया है - कर्नाटक

किस राज्य सरकार में 2000 साल पुराने जल निकायों का पता चला है - मध्य प्रदेश

किस देश की सरकार ने 'माशीन कैन सी 2023' शिखर सम्मलेन शुरू किया है- UAE

चुनाव आयोजित करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के प्रशासक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है - पी कृष्णा भट

हाल ही में भारतीय मूल के किस व्यक्ति को विश्व बैंक के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है – अजय बंगा

हाल ही में ODF प्लस रैंकिंग में किसने पहला स्थान हासिल किया है – वायनाड